चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/ 4868
दिनांक :– 21.3.2024

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– **स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में सम्बद्धता हेतु नैक मूल्यांकन अनिवार्य रूप से सम्पादित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांकः सम्बद्धता/1544, दिनांक 27.06.2023 एवं सम्बद्धता/2874, दिनांक 29.09.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जो कि शैक्षिक सत्र 2024–2025 में स्नातकोत्तर पाठयक्रम में सम्बद्धता विस्तारण/नवीन सम्बद्धता हेतु नैक मूल्यांकन अनिवार्य रूप से सम्पादित कराये जाने के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सन्दर्भित प्रकरण को पुनः विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की आहूत बैठक दिनांक 19.01.2024 में प्रस्तुत किया गया। जिसमे विश्वविद्यालय कार्यपरिषद द्वारा निम्न निर्णय पारित किया गया हैः–

" व्यापक छात्रहित में सत्र 2024–25 हेतु महाविद्यालयों को परास्नातक पाठयक्रमों की सम्बद्धता इस शर्त के साथ प्रदान की जाये कि महाविद्यालय वर्ष 2024 में नैक ग्रेडिंग हेतु अपनी एस0एस0आर0 जमा करेगें।"

उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप विश्वविद्यालय कार्यपरिषद द्वारा पारित निर्णय के आलोक में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

20.03.24

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)